**Dainik Bhaskar (Indore), 24th December 2021, Page-front page plus 3**


**भास्कर खास** • अब तक 200 छात्रों को जॉब ऑफर हो चुकी, 18 से 25 लाख हुआ औसत पैकेज

# IIT इंदौर के छात्रों के औसत पैकेज में 7 लाख की बढ़ोतरी, अधिकतम 60 लाख का ऑफर

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर से अच्छी खबर आई है। प्लेसमेंट प्रक्रिया के बीच सत्र 2021-22 की जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले सालों की तुलना में छात्रों के औसत पैकेज में 7 लाख रुपए की बढ़ोतरी हुई है। सालाना औसत पैकेज 18 लाख से बढ़कर 25 लाख पर पहुंच गया है, जबकि अधिकतम पैकेज 60 लाख पर पहुंच गया। इस बार छात्रों को पहले से ज्यादा जॉब अवसर भी मिले हैं। कोविड-19 में कम होते अवसर के बावजूद आईआईटी इंदौर के 200 विद्यार्थियों को जॉब ऑफर हुई है। कई छात्रों को सालाना 48 लाख रुपए तक का पैकेज मिला है। देश-विदेश की टॉप मल्टी नेशनल कंपनियां संस्थान के छात्रों को जॉब देने पहुंची। इसमें अमेजन, गोल्डमैन सैश, एक्सचेंचर, रोजर पे, राकुटेन सहित कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

## साल-दर-साल औसत पैकेज




2009 में शुरू हुए आईआईटी के छात्रों का औसत पैकेज 2019-20 में करीब 23 लाख रुपए था। जबकि पिछले साल यानी 2020-21 में यह करीब साढ़े 18 लाख ही रहा। इस बार सॉफ्टवेयर, पीएसयू और टेक्नोलॉजी से जुड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई। ज्यादातर कंपनियों ने सॉफ्टवेयर, मशीन लर्निंग एवं डेटा साइंस फील्ड में जॉब ऑफर की। फिलहाल संस्थान में बीटेक कोर्स में 360 छात्र हैं, जबकि अन्य कोर्स में मिलाकर 1600 से ज्यादा हैं। इनमें एमटेक, एमएससी, पीएचडी एवं अन्य कोर्स शामिल हैं।